# कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक- 718 / 14-1, दिनांक, मुरादाबाद, सितम्बर 05 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :- भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा मुरादाबाद में मुरादाबाद–हरिद्वार मार्ग (एस0एच0–49) के कि0मी0 30.90 से 36.00 तक 5.10 कि0मी0 लम्बाई में ओ0एफ0सी0 डालने हेतु 0.153 हे0 संरक्षित वन भूमि तथा बिजनौर में कि0मी0 36 से 62.60 (महाराणा प्रताप चौक) से दूरभाष केन्द्र धामपुर (दूरी 200मी0) कुल 26.800 कि0मी0 लम्बाई में 0.804 हे0 संरक्षित वन भूमि कुल 0.957 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति ।

सन्दर्भ :- आपकी पत्र संख्या– 371 / ओ0एफ0सी0(बी0एस0एन0एल0)–समेकित / 22790 / 2016 दिनांक 09–08–2017।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रस्ताव में आप द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग,बिजनौर द्वारा बिन्दुवार आख्या निम्न प्रकार प्रेषित की है। अतः प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग,बिजनौर से प्राप्त आख्या / संशोधित प्रस्ताव की 3 प्रतियां मूल में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित है :–

| Observation No. | Observation Of Nodal | Reply |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्ताव के साथ किसी भी अभिलेख पर ऑनलाइन पार्ट–1 के बिन्दु–ए–3 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर अंकित नही है। | प्रस्ताव के समस्त अभिलेखों पर ऑनलाइन पार्ट–1 के बिन्दु–ए–3 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर अंकित करा दिये गये है। |
| 2. | प्रस्ताव के साथ किसी भी अभिलेख पर ऑनलाइन पार्ट–1 के बिन्दु–ए–3 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी की पॉवर ऑफ अटार्नी संलग्न नही है। प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 34 पर संलग्न प्राधिकार पत्र सुसंगत एवं अनुमन्य नही है। | ऑनलाइन पार्ट–1 के बिन्दु–ए–3 के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी की पॉवर ऑफ अटार्नी प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 34ए पर संलग्न कर दी गयी है। |
| 3. | प्रस्तावित वन भूमि के स्वामित्व वाले विभाग की अनापत्ति संलग्न नही है। सत्यापित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करे। | प्रस्तावित वन भूमि के स्वामित्व वाले विभाग (लो0नि0वि0 धामपुर / मुरादाबाद) की अनापत्ति की सत्यापित प्रति प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या– 95–96 पर संलग्न कर दी गयी है। |

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

*संख्या 718 / 14–1 उक्तदिनांकित*

**प्रतिलिपि** :– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग,बिजनौर को उनके पत्रांक–747 / 14–1,दिनांक 01–09–2017 के कम में इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने माध्यम से विषयक प्रस्ताव (इस कार्यालय से प्राप्त कर) मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।